## संपादकीय

# कांटे की जमीनी लड़ाई!

*हरिशंकर व्यास-*

यों उम्मीदवारों की पूरी लिस्ट घोषित नहीं हुई है लेकिन जितनी हुई है और जमीनी तौर पर जैसा माहौल बना दिख रहा है उससे चुनावी लड़ाई कांटे की है। जीत-हार का फैसला उम्मीदवार के खुद के दमखम और मौजूदा विधायक के पक्ष या विरोधी लोकल माहौल से होगा। फिर जातीय समीकरण कुछ काम करेंगे तो प्रादेशिक नेतृत्व को लेकर बनी धारणा से भी मतदाताओं का मन बना या बिगड़ा हुआ होगा।

और मेरा मानना है कि जमीनी सच्चाई को बूझ कर ही मोदी-शाह-नड्डा (पहली लिस्ट के बाद) ने और कांग्रेस हाईकमान ने (शुरुआती लिस्ट से ही) उम्मीदवारों के फैसले ठोक-बजाकर किए हैं। प्रयोग नहीं किए और प्रयोग करने का जो इरादा था उसे मोदी-शाह ने पहली लिस्ट के बाद बदल दिया।

सबसे बड़ी बात कांग्रेस की एआईसीसी मशीनरी का चुस्त दिखना है। वह पहले जैसी अराजक, ढीली-लापरवाह नहीं दिखी। उधर भाजपा में मोदी-शाह-नड्डा हर तरह की सख्ती व सावधानी बरतते हुए। कांग्रेस ने भूपेश बघेल, कमलनाथ और अशोक गहलोत पर सब कुछ छोड़ा हुआ है बावजूद इसके दिल्ली में एआईसीसी ने अपने सर्वे तथा जमीनी हकीकत का हवाला देते हुए एक-एक उम्मीदवार पर विचार किया। उम्मीदवारों को ले कर क्षत्रपों से गारंटी ली। राजस्थान की पूरी लिस्ट अभी घोषित नहीं है लेकिन मोटा मोटी कह सकते हैं कि छतीसगढ़-मध्य प्रदेश में कांग्रेस के उम्मीदवार सॉलिड हैं। कांग्रेसी टिकटार्थियों का विद्रोह न्यूनतम है। उधर भाजपा की पहली लिस्ट में जरूर चौंकाने वाले और ऊपर से तय हुए नाम थे। मगर बाद की सूचियों में पुराने ढर्रे और पुराने चेहरे रिपीट हैं। इसलिए भाजपा में बागी उम्मीदवारों की संख्या अधिक होती लगती है।

ऐसा कमलनाथ-दिग्विजय सिंह ने नहीं होने दिया। भाजपा के चेहरे देख कर इन्होंने ऐन वक्त उम्मीदवार बदले। सो, कांग्रेस ने एक-एक सीट पर कड़ा मुकाबला बना दिया है। जबकि भाजपा इस मुगालते में है कि नरेंद्र मोदी की सभाएं होंगी तो पार्टी उम्मीदवारों के लिए कोई मुश्किल नहीं होगी।

इसका अर्थ यह नहीं कि संघ परिवार के संगठन जमीनी स्तर पर सक्रिय नहीं है या लापरवाह है। बतौर पार्टी भाजपा जरूर तीनों हिंदी प्रदेशों में बिखरी हुई है लेकिन संघ परिवार के संगठन अपनी फीडबैक अनुसार चुपचाप काम करते हुए है। इसलिए चुनाव में टॉप पर मोदी की रैलियों का फैक्टर होगा वही बूथ स्तर पर संघ मशीनरी के संगठन, पन्ना प्रमुखों की सक्रियता है। बीच में याकि प्रादेशिक स्तर पर जरूर भाजपा नाम की पार्टी इस बार बिखरी रहेगी और नेता अनमनेपन व बूझे मन से चुनाव लड़ेंगे।

## 37वें नेशनल गेम्स

# फेनसिंग इवेंट में हरियाणा की झोली में आया स्वर्ण पदक, करनाल की तनिष्का ने दिलाया गोल्ड




**चंडीगढ़ ।** खेलों का पॉवर हाउस कहे जाने वाले हरियाणा का जलवा गोवा में चल रहे 37वें नेशनल गेम्स में भी देखने को मिल रहा है। हरियाणवी खिलाड़ी लगातार मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। सोमवार को हुए फेनसिंग (तलवारबाजी) इवेंट में हरियाणा की झोली में स्वर्ण पदक आया। इसी खेल में टीम इवेंट में राज्य के खिलाडिय़ों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

करनाल की तनिष्का ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फेनसिंग में हरियाणा को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। खबर लिखे जाने तक हरियाणा के खाते में कुल 45 मेडल हैं, जिनमें 18 गोल्ड, 12 रजत और 15 कांस्य पदक शामिल हैं। फेनसिंग में कुल 2 गोल्ड तथा 4 कांस्य पदक हरियाणा के खाते में आए हैं। टीम इवेंट में तनिष्का खत्री, शीतल दलाल, प्राची लोहान और तन्नू गुलिया विजेता टीम का हिस्सा रही।

स्वर्ण पदक विजेता तनिष्का खत्री ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार से हमें काफी सहयोग मिला है। साथ ही, हरियाणा फेनसिंग एसोसिएशन से भी हमें मदद मिली है।

तनिष्का खत्री ने हरियाणा सरकार की खेल नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की खेल नीति सबसे अच्छी है, जिससे इनाम राशि के साथ-साथ प्रैक्टिस के दौरान भी हमें काफी मदद मिलती है और खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन मिलता है। सरकार के सहयोग के कारण प्रदेश के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं, जिससे उन्हें अपने प्रदर्शन को निखारने का अवसर मिलता है।

अभी तक हरियाणा के खाते में कुल 45 मेडल:

हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में लगातार अपनी जीत का दबदबा बनाए हुए हैं। खबर लिखे जाने तक हरियाणा के खाते में कुल 45 मेडल हैं, जिनमें 18 गोल्ड, 12 रजत और 15 कांस्य पदक शामिल हैं। हरियाणा ने अभी तक रेसलिंग में 1 रजत व 1 कांस्य, बैडमिंटन में 1 स्वर्ण, फेनसिंग में 2 स्वर्ण व 4 कांस्य, नेटबॉल में 4 स्वर्ण, रगबी में 1 स्वर्ण, जिमनास्टिक में 4 स्वर्ण, 3 रजत व 4 कांस्य, पेनकैक सिल्ट में 3 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य, एथलेटिक्स में 1 रजत तथा मॉडर्न पेंटाथलॉन में 3 स्वर्ण, 4 रजत व 4 कांस्य पदक जीते हैं।

# अनीश ने रैपिड-फायर पिस्टल में कांस्य और भारत के लिए जीता 12वां पेरिस ओलंपिक कोटा




**चांगवोन ।** अनीश भानवाला ने सोमवार को एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक और पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया, जो शूटिंग टीम का कुल 12वां स्थान है।

अनीश ने छह खिलाडिय़ों के फाइनल के लिए तीसरे स्थान पर क्वालीफाई करने के लिए 588 का स्कोर किया और फिर जापान के रजत पदक विजेता दाई योशियोका के साथ शूट-ऑफ में हारने से पहले 28 का स्कोर किया। ली गुनह्योक ने आठ पांच-शॉट रैपिड-फायर श्रृंखला निर्णायक में 34 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

भारत ने अब तक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में आठ स्वर्ण सहित 30 पदक अपने नाम कर लिए हैं। अनीश का कोटा चांगवोन में भारत द्वारा हासिल किया गया पांचवां कोटा था।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच बाजार में निवेशकों का विश्वास कमजोर

**नई दिल्ली ।** आने वाले समय में बाजार के सेंटीमेंट्स सतर्क बने हुए हैं। निवेशक पश्चिम एशिया के संकट, आगामी कॉर्पोरेट अर्निंग और घोषित होने वाले घरेलू पीएमआई आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। यह कहना है जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का।

उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जारी अशांति और इकोनोमिक ग्रोथ पर ऊंची ब्याज दरों के संभावित प्रभावों पर चिंताओं के कारण निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है।

एफआईआई की बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है, जिससे डीआईआई की ओर से भारी खरीदारी हो रही है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानि शुक्रवार को घरेलू सूचकांकों में कुछ सुधार हुआ, जिसका कारण अमेरिका की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि अनुकूल होना और अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी है, जिससे बॉन्ड यील्ड में कमी आई है।

# भाषाओं की दीवार होगी खत्म, रिलायंस जिओ का एआई सॉल्युशन देगा रियल टाइम ट्रांसलेशन व ट्रांसक्रिप्शन

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने एआई टेक्नोलॉजी आधारिक स्किल डेवलपमेंट सॉल्युशन के माध्यम से भाषाओं की दीवार को तोड़ते हुये रियल टाइम ट्रांसलेशन एवं ट्रांसक्रिप्शन सहित कई सुविधाओं का प्रदर्शन किया है। राजधानी में आज संपन्न तीन दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस में यह प्रदर्शन किया गया। मुकेश अंबानी ने करीब दो माह पहले रिलायंस की वार्षिक बैठक में 'एमआई फॉर एवरीवन' की वकालत की थी और दो महीनों में जियो स्वदेशी एआई टेक्नोलॉजी की झलक दिखाई दी है।

जियो का यह सॉल्युशन, भाषाओं की दीवारें गिरा देता है। इसकी सबसे बड़ी खूबी है कि यह रियल टाइम में एक भाषा का कई भाषाओं में अनुवाद कर सकता है। अगर दिल्ली में बैठा कोई शिक्षक अंग्रेजी में ऑनलाइन पढ़ा रहा होगा तो चेन्नई, कोलकता, अहमदाबाद और मुंबई में बैठे छात्र इसे क्षेत्रीय भाषाओं यानी तमिल, बंगाली ,गुजराती और मराठी में सुन सकेंगे। अभी यह सॉल्युशन तमिल, कन्नड़, मराठी, गुजराती, बंगाली, तेलगु, मलयालम, अंग्रेजी और हिंदी जैसी नौ भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है।

यह सॉल्युशन जियो ने रेडिसिस के साथ साझेदारी में बनाया है। इस भाषाई सॉल्युशन का इस्तेमाल करना बेहद आसान है। जियो-मीट के जरिए जियो-रेडिसिस प्लेटफॉर्म लॉगइन कर, अपनी पसंदीदा भाषा का चुनाव करें। एक बार लॉगइन होने पर छात्र या प्रशिक्षु को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हुई बातचीत का लाइव अनुवाद यानी ऑडियो और ट्रांसक्रिप्शन मिलने लगेगा। भविष्य की जरूरतों के लिए इस अनुवाद और ट्रांसक्रिप्शन को प्रिंट या डिजिटल तौर पर रखा जा सकता है। जियो के सॉल्युशन में कंटेंट शेयरिंग की भी सुविधा भी उपलब्ध है।

# एडीबी बांग्लादेश को जल प्रबंधन, कृषि उत्पादकता के लिए 10.6 करोड़ डॉलर का कर्ज देगा




**ढाका ।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और बांग्लादेश सरकार ने दक्षिण एशियाई देश में जल संसाधन प्रबंधन और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए 10.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

नीदरलैंड्स सरकार की ओर से 17.80 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। एडीबी ने कहा कि वह अनुदान का प्रबंधन करेगा जो इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करने वाले इनोवेटिव पायलट कार्यों और परामर्श सेवाओं को वित्तपोषित करेगा।

बांग्लादेश के लिए एडीबी के देश निदेशक एडिमॉन गिंटिंग ने कहा, जलवायु और आपदा प्रतिरोधी लघु-स्तरीय जल संसाधन प्रबंधन परियोजना बाढ़ के तटबंधों को ऊपर उठाने-मजबूत करने, जल धारण बढ़ाने के लिए चैनलों को गहरा करने, कुशल विद्युत पंप-पाइप सिंचाई प्रदान करने, प्रशिक्षण प्रदान करने, क्षमता विकसित करने और जलवायु प्रभावों तथा खाद्य सुरक्षा को संबोधित करने, जलवायु-स्मार्ट कृषि, कृषि व्यवसाय और मत्स्य विकास का समर्थन करने के लिए त्वरित सहायता प्रदान करेगी।

एडिमॉन गिंटिंग ने कहा, परियोजना 380,000 परिवारों, विशेषकर महिलाओं और कमजोर व्यक्तियों की आजीविका का समर्थन करने के लिए उन्नत कृषि विपणन, मत्स्य पालन और जलीय कृषि उत्पादन विस्तार के साथ फसल उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगी।

एडीबी ने कहा कि यह परियोजना बांग्लादेश में तीन पूर्व एडीबी-वित्तपोषित सहभागी लघु-स्तरीय जल संसाधन प्रबंधन परियोजनाओं की सफलता और लेसंस पर आधारित है।

मनीला स्थित ऋणदाता के अनुसार, यह बाढ़-सूखा जोखिम प्रबंधन, जल निकासी सुधार व सिंचाई प्रणाली आधुनिकीकरण के लिए नए और बेहतर जल संसाधन बुनियादी ढांचे तथा सेवाओं के माध्यम से जलवायु, आपदा लचीलापन और खाद्य सुरक्षा के लिए समर्थन तेज करते हुए निवेश को बढ़ाएगा।

# ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**नई दिल्ली ।** पुणे में एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में आग लग गई। एक्स पर एक यूजर ने घटना का वीडियो साझा किया। वीडियो को साझा करते हुए यूजर ने बताया कि स्कूटर मॉडल ओला एस1 था, जिसमें आग लग गई। यह घटना पिंपरी चिंचवड़ में डी.वाई पाटिल कॉलेज के पार्किंग स्थल के पास हुई। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। यूजर ने लिखा, चौंकाने वालाज् डीवाई पाटिल इंस्टीट्यूट पिंपरी पुणे के पास पार्किंग में ओला एस1 में आग लग गई।

फायर ब्रिगेड टीम इस आग को बुझाने की कोशिश कर रही है। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन स्कूटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुणे में ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटर से जुड़ी यह दूसरी ऐसी घटना है। मार्च 2022 में पुणे के धनोरी इलाके में एक और ओला एस1 प्रो स्कूटर में आग लग गई।

इस साल जुलाई में, केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में एक आवास पर 149,000 रुपये मूल्य के एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में कथित तौर पर आग लग गई। इस बीच, 20 अक्टूबर को एक अन्य एक्स यूजर ने इसी तरह की घटना की सूचना दी थी, जिसमें ओला एस1 प्रो में आग लगने की घटना का जिक्र था। उन्होंने अपने पोस्ट में बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त वाहन की तस्वीर भी साझा की।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन आपका अच्छा रहेगा। आज किसी काम को लेकर बाहर की यात्रा आदि में जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में कोई नई डील या पार्टनरशिप आज हो सकती है।

***वृषभ -*** आज का दिन आपका कोई रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा। जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा। आज स्वास्थ्य में थोड़ी गिरावट महसूस होगी। व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग बन रहे हैं। परिवार में मेहमानों का आना होगा।

***मिथुन -*** आज का दिन आपका उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। आज न चाहते हुए भी आपको कोई बड़ा डिसीजन फैमिली को लेकर लेना पड़ सकता है, इससे आपका मन भी दुखी रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में विरोधी काम बिगाड़ सकते हैं।

***कर्क-*** आज आप अंदर से अपने आप को काफी मजबूत महसूस करेंगे, जिस कारण आपके विरोधी भी आपका सामना नहीं कर पाएंगे। आज आप अपने दम पर अपना कोई पुराना काम पूर्ण करेंगे।

***सिंह -*** आज का दिन आपके लिए कोई नई बड़ी सौगात लेकर आ सकता है। परिवार में किसी को पदोन्नति मिल सकती है, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा। आय के स्रोत में इजाफा होगा। वाणी पर संयम रखें व वाद-विवाद से दूर रहें।

***कन्या-*** आज आप किसी बड़े कार्य में साझेदार बन सकते हैं, जिसमें आपको बड़ा लाभ प्राप्त होगा। साथ ही आज कोई पुराना मित्र आपसे मिल सकता है। जिसके मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा।

***तुला-*** आज आपका मन कुछ अशांत रह सकता है। स्वास्थ्य को लेकर भी आज कुछ परेशानी महसूस होगी। आज आप पारिवारिक किसी झगड़े में फंस सकते हैं, जिस कारण आपको अपमानित होना पड़ सकता है।

***वृश्चिक-*** आज आपका मूड किसी कारण खराब रहेगा। परिवार में किसी अपने का दुखद समाचार प्राप्त होगा। साथ ही आपका किसी मित्र से झगड़ा हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय में किसी पर विश्वास करना आपके लिए बड़ा नुकसानदायक रहेगा।

***धनु-*** आज आपके मन में किसी नए काम की कार्य योजना बन सकती है, जिसके लिए आप अपने मित्र और संबंधियों से आर्थिक मदद मांग सकते हैं। आज आपके द्वारा सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे।

***मकर-*** आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण होने वाला है, जिससे आपको सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में बड़ा सम्मान मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय में किसी बड़े व्यक्ति के साथ समझौता हो सकता है।

***कुंभ-*** आज आप काम की तलाश में कहीं बाहर की यात्रा कर सकते हैं, जिसमें किसी विशिष्ट व्यक्ति से मिलना होगा। आज आपको सफलता मिलने में संदेह है। आपके पुराने व्यवसाय में आपको नुकसान हो सकता है।

***मीन-*** आज आप किसी विशेष व्यक्ति के संपर्क में आने से बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं। सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में आपको बड़ा पद या दायित्व मिल सकता है। जिस कारण आपका कद बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में किसी नए काम की शुरुआत आज आप कर सकते हैं।

# सर्दियों में आने वाली इन 5 सब्जियों का जरूर करें सेवन, प्रतिरक्षा प्रणाली होगी मजबूत



सर्दी का मौसम नजदीक आ रहा है। ऐसे में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने की वजह से ठंड में सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार होने का खतरा बढ़ जाता है।इनसे बचाव के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना जरूरी है। इसके लिए हमें अपनी डाइट में मौसमी सब्जियों का शामिल करना जरूरी है।चलिए फिर आज स्वास्थ्य टिप्स में हम आपको ऐसी 5 सब्जियां बताते हैं, जिनके सेवन से प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### पालक

पालक का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करता है इसलिए सर्दियों में इस सब्जी को जरूर खाना चाहिए।इसमें विटामिन ए, बी, सी, ई और के, जिंक, मैग्नीशियम और आयरन जैसे कई पोषक तत्व होते हैं।ये हड्डियों को मजबूत करने, खून को बढ़ाने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में कारगर हैं।आप पालक से इन व्यंजनों को बनाकर इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### गाजर

गाजर भी एक ऐसी सब्जी है, जो सर्दियों के मौसम में सबसे ज्यादा खाया जाता है।यह विटामिन्स, बीटा-कैरोटीन और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।आप चाहें तो गाजर को सलाद के रूप में कच्चा या फिर सब्जियों के साथ पकाकर भी खा सकते हैं।सर्दियों में लगभग हर घर में गाजर का हलवा जरूर बनता है, लेकिन इस बार गाजर के परांठे भी जरूर ट्राई करें।

### ब्रोकली

ब्रोकली का सेवन शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार है।इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, फाइबर, विटामिन्स और कई अन्य पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ये आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करते हैं, जिससे बीमार होने की समस्या काफी कम हो सकती है।इसका सेवन पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में भी सहायक है।आप ब्रोकली से परांठे बनाकर, सलाद के रूप में या सूप में इस्तेमाल करके इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### चुकंदर

सर्दियों के मौसम में चुकंदर का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।यह फाइबर, एंटी-ऑक्सीडेंट और विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो संक्रमण और बीमारियों से लड़ने के लिए शरीर को मजबूत बनाता है।इस सब्जी का सेवन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के अलावा लीवर को डिटॉक्सिफाई करने में भी मदद करता है।आप चुकंदर का जूस बनाकर भी पी सकते हैं। इससे ये 5 प्रमुख लाभ मिलते हैं।

### मूली

मूली भी सर्दियों में आने वाली एक लोकप्रिय सब्जी है।यह पोटेशियम, सोडियम, विटामिन-सी और मैग्नीशियम से भरपूर होती है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम और पानी की मात्रा ज्यादा होती है, जो सर्दियों में हाइड्रेटेज रखने में मददगार है।इसके अलावा इसका सेवन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में भी मदद करता है।आप मूली का सेवन गरमागरम परांठे, सब्जी, जूस या सलाद के रूप में कर सकते हैं।मूली के सेवन से ये फायदे भी मिलते हैं।

# गदर-3 की तैयारी शुरू, 2025 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होगा प्रदर्शन



अभिनेता सनी देओल, उत्कर्ष शर्मा, अमीषा पटेल, सिमरत कौर और मनीष वाधवा स्टारर गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर वाकई गदर मचाया है। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और ताबड़तोड़ कमाई की। फिल्म को लेकर सिनेमा लवर्स में तगड़ा क्रेज देखने को मिला था। साल 2001 में गदर रिलीज हुई थी और इसके 22 साल बाद साल 2023 में गदर 2 लेकिन अब गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार नहीं करना होगा।

कहानी हो गई है क्रेक

बताया जा रहा है कि मेकर्स, गदर 3 में ज्यादा देरी नहीं करने वाले हैं और उन्हें सनी देओल के स्टारडम पर पूरा भरोसा है। दैनिक भास्कर की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 2025 के स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी और अगले साल यानी 2024 की शुरुआत में इसका आधिकारिक ऐलान कर दिया जाएगा। यही नहीं रिपोर्ट के मुताबिक 2024 के अगस्त से शूट शुरू हो जाएगा। कहा जा रहा है कि गदर 3 की कहानी क्रेक हो गई है।


## शब्द सामर्थ्य- 228

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 227 का हल



## सू-दोकू- 228

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.227 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |